Regarding supply of Yamuna water to Rajasthan under the joint agreement among neighbouring States

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला (झुन्झुनू) : माननीय सभापति जी, मुझे आप दो-तीन मिनट ज्यादा दीजिए। राजस्थान और यमुना के जो बेसिन स्टेट्स हैं, उनमें हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में यमुना के वाटर के बंटवारे के लिए एक समझौता 12 मई, 1994 को हुआ। इसी के तहत राजस्थान सरकार ने 7 फरवरी, 2003 को एक डीपीआर बनाकर प्रस्तुत की, जिसको केन्द्र की सभी एजेंसीज़ ने मंजूरी भी दे दी। यह हमारा दुर्भाग्य रहा कि 30 साल बाद आज तक पानी हमारे यहां नहीं आया है।

माननीय सभापति: आप अपनी मांग के बारे में बोलिए, जिससे वह रिकार्ड में आ जाए।

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला : मैं मांग ही कर रहा हूं। एक दिन अचानक लोक सभा चुनाव से पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री जी, राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री जी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री जी ने एक प्रेस कान्फ्रेंस की और कहा कि 4 महीने में यमुना का पानी झुन्झुनू और चुरू क्षेत्र में जाएगा।? (व्यवधान)

माननीय सभापति: हम उनको मौका दे देंगे, तो फिर आप नहीं बोल पाएंगे।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव जी, आप बोलिए।